मुझे और अधिक चीज़ें कहाँ से पता चल सकती हैं?

आप मार्गदर्शन सामग्री और अतिरिक्त जानकारी QR कोड स्कैन करके या www.fincen.gov/boi पर जाकर प्राप्त कर सकते है।

लाभकारी स्वामित्व के बारे में तुरंत ईमेल अपडेट पाने हेतु FinCEN Updates के लिए साइन अप करें।

इस ब्रोशर का उद्देश्य सिर्फ आपको समझाना है और यह किसी भी विधि या विनियमन द्वारा लगाए गए किसी भी दायित्वों को न तो बढ़ावा देता है न ही संशोधित करता है।

कृपया ध्यान दें कि कुछ विशिष्ट लोगों और संस्थाओं के लिए रिपोर्टिंग से जुड़ी आवश्यकताएं संघीय अदालत के निर्णय से प्रभावित हुई हैं।

अतिरिक्त जानकारी के लिए, अधिक जानने के लिए कृपया www.fincen.gov/boi पर जाएं।

संस्करण 1 - अप्रैल 2024 को प्रकाशित किया गया

लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी की रिपोर्टिंग का परिचय

BOI
Beneficial Ownership Information

2021 में, कांग्रेस ने द्विपक्षीय कॉर्पोरेट पारदर्शिता अधिनियम को अवैध धन को रोकने के लिए पारित किया। इस कानून के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका में व्यापार करने वाली कई कंपनियों को उनके अंततः स्वामित्व या नियंत्रण करने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी रिपोर्ट करने की आवश्यकता है।

यू.एस. ट्रेजरी विभाग वित्तीय
अपराध प्रवर्तन नेटवर्क
www.fincen.gov/boi

लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी (BOI) के लिए फ़ेडरल की नई रिपोर्टिंग आवश्यकताएं

1 जनवरी, 2024 से, संयुक्त राज्य अमेरिका में कई कंपनियों को अपने लाभकारी मालिकों के बारे में यू.एस. ट्रेजरी विभाग के एक ब्यूरो, वित्तीय अपराध प्रवर्तन नेटवर्क (FinCEN) को जानकारी देनी होगी - लाभकारी मालिक वे व्यक्ति होते है जो अंततः कंपनी के मालिक होते है या उसे नियंत्रित करते है।

फ़ाइलिंग करना आसान, सुरक्षित और निःशुल्क है। लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी की रिपोर्टिंग वार्षिक तौर पर आवश्यक नहीं है। जब तक किसी कंपनी को जानकारी को अपडेट करने या उसमें सुधार करने की ज़रूरत न हो, तब तक एक रिपोर्ट केवल एक बार सबमिट की जानी चाहिए।

> FinCEN की **छोटी इकाई के लिए अनुपालन गाइड** की समीक्षा ज़रूर करें, जो रिपोर्टिंग की इस आवश्यकता का पालन करने में मदद करने वाली जानकारी प्रदान करती है।

किसे रिपोर्ट करनी है?

जिन कंपनियों को रिपोर्ट करना आवश्यक है उन्हें **"रिपोर्टिंग कंपनियां"** कहा जाता है। रिपोर्टिंग कंपनियों को अपने लाभकारी मालिकों से जानकारी लेनी पड़ सकती है और वह जानकारी FinCEN को रिपोर्ट करनी होगी।

> आपकी कंपनी को अपने लाभकारी मालिकों के बारे में जानकारी रिपोर्ट करनी पड़ सकती है, यदि वह:
>
> 1. कोई कॉर्पोरेशन हो, कोई लिमिटेड लायबिलिटी कंपनी (LLC) हो, या अन्य किसी रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका में राज्य के सचिव या किसी राज्य या इंडियन जनजाति के कानून के तहत किसी समान कार्यालय में एक दस्तावेज दाखिल करके गठित किया गया हो; या
> 2. एक विदेशी कंपनी हो और ऐसे एक दस्तावेज़ को दाखिल करके संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी भी राज्य या इंडियन जनजाति में व्यापार करने के लिए पंजीकृत हो चुका हो।

किसे रिपोर्ट नहीं करनी पड़ेगी?

तेईस प्रकार की संस्थाओं को लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से छूट प्राप्त है, जिसमें सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियां, गैर-लाभकारी संस्थाएं और कुछ बड़ी परिचालन कंपनियां शामिल है।

> FinCEN की **छोटी इकाई अनुपालन गाइड** छोटी इकाई अनुपालन गाइड में 23 छूटों में से प्रत्येक के लिए जांचसूची शामिल है, जो यह निर्धारित करने में मदद कर सकती है कि क्या आपकी कंपनी किसी छूट के लिए पात्र है। अधिक जानकारी के लिए कृपया गाइड के अध्याय 1.2 की समीक्षा करें।

मैं कैसे रिपोर्ट करूं?

लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी को रिपोर्ट करने वाली कंपनियां FinCEN की वेबसाइट www.fincen.gov/boi. के ज़रिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिपोर्ट करती है। जब एक बार FinCEN के पास पूरी रिपोर्ट दाखिल कर दी जाती है, तो सिस्टम आपको प्राप्ति की पुष्टि प्रदान करता है।

मैं कब रिपोर्ट करूं?

FinCEN ने 1 जनवरी, 2024 को रिपोर्ट स्वीकार करना शुरू किया।

- यदि आपकी कंपनी 1 जनवरी, 2024 से पहले स्थापित या पंजीकृत की गई थी, तो आपके पास लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी (BOI) को रिपोर्ट करने के लिए 1 जनवरी, 2025 तक का समय होगा।
- आपकी कंपनी यदि 2024 में स्थापित या पंजीकृत की गई है, तो आपको अपनी कंपनी के गठन या पंजीकरण के प्रभावी होने की वास्तविक या सार्वजनिक सूचना प्राप्त करने के 90 कैलेंडर दिनों के भीतर, जो भी पहले हो, लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी (BOI) की रिपोर्ट करनी होगी।
- यदि आपकी कंपनी 1 जनवरी, 2025 या उसके बाद गठित या पंजीकृत की गई है, तो आपको अपनी कंपनी के गठन या पंजीकरण की प्रभावशीलता की वास्तविक या सार्वजनिक सूचना प्राप्त करने के 30 कैलेंडर दिनों के भीतर BOI रिपोर्ट करनी होगी।
- यदि आपने पहले FinCEN को लाभकारी स्वामित्व से जुड़ी जानकारी दी है, और उसमें अब कोई भी अपडेट या सुधार करने की ज़रूरत है, तो आपको इसे 30 दिनों के अंदर सबमिट करना होगा।